Regarding need to sanction a special package for flood control measures in Khagaria Parliamentary Constituency, Bihar- Laid

श्री राजेश वर्मा **(**खगड़िया**) :** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र, बिहार एक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है,जहाँ प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण लाखों एकड़ उपजाऊ फसलें नष्ट हो जाती हैं ।इसके अलावा,गंगा नदी का लगातार कटाव भी हजारों एकड़ भूमि को विलीन कर रहा है,जिससे हजारों लोगों का जीवन खतरे में है ।इस गंभीर त्रासदी से निपटने के लिए खगड़िया लोक सभा में तत्काल व्यापक और एकीकृत समाधानों की आवश्यकता है जिसमें परबत्ता विधानसभा के अंतर्गत गोगरी आश्रम से मुरादपुर तक रिंग बाँध का निर्माण; खगड़िया विधानसभा के रहीमपुर दक्षिणी स्थित मथार में गंगा नदी के कटाव को रोकने के लिए बण्डाल का निर्माण और बेलदौर विधानसभा के इतमादि, बारुण, कपसिया से होते हुए आलमनगर और विजय घाट तक रिंग बाँध का निर्माण अत्यंत आवश्यक है ।इन परियोजनाओं से लाखों निवासियों को सुरक्षा मिलेगी और हजारों एकड़ कृषि भूमि का बचाव होगा ।मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में लाखों निवासियों और उपजाऊ भूमि को बचाने के लिए रिंग बाँधों के निर्माण और गंगा कटाव रोधी बण्डालों के निर्माण हेतु एक विशेष एवं एकीकृत बाढ़ नियंत्रण पैकेज की तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए,ताकि इस क्षेत्र को हर वर्ष बाढ़ की त्रासदी से स्थायी मुक्ति मिल सके ।